दिन— सोमवार दिनांक— 28 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आंधी और बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग का आज पटना, गया, समस्तीपुर, कैमूर और बांका समेत पच्चीस जिलों में ओलावृष्टि और वज्रपात को लेकर रेड अलर्ट।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। आचार्य किशोर कुणाल और शारदा सिन्हा समेत बिहार की सात हस्तियां भी होंगी सम्मानित।

03. भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए दी गई समय सीमा उनतीस अप्रैल तक बढ़ाई गयी।

04. और, मुख्यमंत्री सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को तैराकी के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।

---

राज्य के विभिन्न भागों में पश्चिमी विक्षोभ और अन्य मौसमी कारकों के प्रभाव से आंधी और बारिश की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं, मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार पटना, नालंदा, भोजपुर, गया, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सारण, पश्चिम चम्पारण, खगड़िया, कैमूर, बांका, जमुई और रोहतास समेत पच्चीस जिलों में तेज हवा और ओलावृष्टि का रेड अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित कई जिलों में गरज और तेज हवा के साथ अच्छी बारिश के समाचार हैं। इससे प्रदेश के अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। इस अवधि में राजधानी पटना का अधिकतम तापामन छत्तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

मौसम में आये अचानक बदलाव से हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। कल पटना हवाई अड्डे पर तीन विमानों को वारणसी से डायवर्ट किया गया। वहीं, इन विमानों से अन्य शहरों को जाने वाले कई यात्री पटना एयर पोर्ट पर फंसे रहे।

---

आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को इस दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग ने अपने परामर्श में कहा है कि मौसम खराब होने के दौरान अनावश्यक रूप

से घर से बाहर खुले में न रहें और वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें। किसी भी आपदा की स्थिति में हेल्प लाईन नम्बर – शून्य छह एक दो– दो दो नौ चार दो या टोल फ्री नम्बर– एक शून्य सात सात पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में पहले नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। कला, समाज सेवा, जनहित कार्य, विज्ञान और अभियांत्रिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य तथा शिक्षा, खेलकूद और लोकसेवा सहित विभन्नि क्षेत्रों में यह सम्मान दिया जाता है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

---

प्रदेश की सात हस्तियों को भी पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल, आरा के भीम सिंह भवेश, सुजनी कला के लिए मुजफ्फरपुर की निर्मला देवी, चिकित्सा के क्षेत्र में पटना के डॉक्टर हेमंत कुमार और जमुई से जुड़े विजय नित्यानंद सूरीवर जी महाराज को पद्म श्री पुरस्कार दिया जायेगा। वहीं, स्वर कोकिला लोक गायिका शारदा सिन्हा को पद्म विभूषण, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी को पद्म भूषण से सम्मानित किया जायेगा। शारदा सिन्हा, सुशील कुमार मोदी और आचार्य किशोर कुणाल को मरनोपरांत यह सम्मान दिया जायेगा।

---

सार्क वीजा पर भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए दी गई अड़तीस घंटे की समय सीमा कल समाप्त हो गई। अभी तक पांच सौ सैंतीस पाकिस्तानी नागरिक अमृतसर की अटारी–वाघा संयुक्त चेक पोस्ट के रास्ते वापस लौट चुके हैं। बाईस अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति–सीसीएस की बैठक के दौरान पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के निर्देश देने से संबंधित निर्णय लिया गया था। अटारी सीमा पर तैनात प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण माहल ने हमारे संवाददाता को बताया कि सभी वीजा धारकों के लिए पाकिस्तान वापसी का समय विस्तार कर उनतीस अप्रैल दो हजार पच्चीस तक कर दिया गया है।

–––बाईट–––

जो नई इनफार्मेशन के मुताबिक इनको 29जी डेट फाइनलाइज की गई जिनके पास पाकिस्तान के पासपोर्ट होंगे वो 29 तक क्रॉस करके पाकिस्तान जा सकते हैं। एज इट इज ही जिनके पास इंडियन पासपोर्ट हैं पाकिस्तान गए वो भी आ सकते हैं। चाहे वो किसी भी वीजे पर हैं सार्क को छोडकर के सबके लिए कॉमन उन्होंने कर दिया है।

इस बीच कल शाम तक कुल एक हजार तीन सौ सत्तासी भारतीय नागरिक भी पाकिस्तान से लौट चुके हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है।

———बाईट———

---

प्राकृतिक आपदाओं पर बात करते हुये श्री मोदी ने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि अब प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग अपने मोबाइल पर सचेत ऐप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

———बाईट———

---

बिहार ने विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग और चार सौ बौद्ध लामाओं द्वारा सिंगिंग बॉल प्रदर्शन के मामले में दो गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाए है। गिनीज विश्व रिकॉर्ड के अधिकारियों ने कल पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस संबंध में प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर उपस्थित बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया।

———बाईट———

पहली बार दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस बिहार में आज हुआ है। एक है दुनिया का सबसे बडा मधुबनी पेंटिंग्स। सारी महिलाएं मिलकर बनाए हैं और दूसरा बोध गया में **कल शाम में** बाल लामा साढे तीन सौ से अधिक लोग वहां मिलके सिंगिंग बॉल चलाये हैं।

---

प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को तैराकी में दक्ष बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। मुख्यमंत्री सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कक्षा आठ से बारह तक के बच्चों को तैराकी सिखाने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की भी ट्रेनिंग दी जायेगी। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संयुक्त रूप से यह प्रशिक्षण देंगे। इसके लिए जिला और प्रखंड स्तर पर स्वीमिंग पूल तैयार किया जायेगा। साथ ही तैराकी प्रशिक्षण के लिए गांव के तालाब और नदियों का भी प्रयोग होगा।

---

राज्य सरकार ने छह सौ छब्बीस माध्यमिक अनुदानित विद्यालयों को निलंबन मुक्त कर दिया है। इन विद्यालयों को अब नई शिक्षा सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस में नौवीं कक्षा में नामांकन की अनुमति मिल गयी है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इसकी सूचना जारी कर दी है। इन विद्यालयों को तय मानदंडों को पूरा नहीं करने के कारण विभागीय जांच रिपोर्ट के आधार पर निलंबित किया गया था। इन्हें एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक मानदंड पूरा करने का एक और मौका दिया गया है।

---

प्रदेश से इस वर्ष हज के लिए कुल दो हजार तीन सौ तेरासी यात्री जायेंगे। इनमें एक हजार से अधिक महिलाएं शामिल हैं। बिहार राज्य हज कमिटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक दो से बहत्तर हज यात्री पटना जिले से हज पर जायेंगे। हज यात्रा के लिए दो मई को गया अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहली उड़ान होगी।

---

गुवाहाटी में आयोजित सीनियर नेशनल पुरूष रग्बी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बल पर बिहार की टीम ने क्वार्टर फाईनल में जगह पक्की कर ली है। प्रतियोगिता में आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु को हराकर बिहार ने प्री–क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया है। आज क्वार्टर फाईनल मैच में बिहार का मुकाबला केरल से होगा।

पटना में आयोजित तीन दिवसीय बिहार राज्य अंडर सेवन शतरंज प्रतियोगिता के बालक वर्ग में लखीसराय के वैभव आनंद और बालिका वर्ग में पटना की वंशिका माहेश्वरी विजेता बनी है।

---

पटना जिले के बाढ़ के चौंदी धोबिया गंगा घाट पर तैराकी सिखाने के दौरान एक पिता और उसके दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। वहीं, सासाराम के नोहट्टा थाना क्षेत्र में सोन नदी में नहाने के दौरान पांच बच्चे डूब गये। इसमें से दो बच्चों को ग्रामीणों द्वारा बचा लिया गया जबकि दो बच्चों के शव बाहर निकाले गये। वहीं, एक अन्य की तलाश जारी है।

---

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थानान्तर्गत एक युवती के साथ यौन अपराध के मामलें में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाकरपुर में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से अर्द्धनिर्मित हथियार के साथ हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद किये हैं। मामले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

---

जहानाबाद जिले के मोदनगंज प्रखंड अन्तर्गत देवरा रतनबिघा गांव के पास बन रहे निर्माणाधीन पुल के अचानक गिरने से दो व्यक्ति घायल हो गये हैं। इनका पीएमसीएच में इलाज चल रहा है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मन की बात की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी में मोदी बोले–पहलगाम पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा। दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– पाकिस्तान ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की फिर दी धमकी। दैनिक भास्कर लिखता है– रोस्टर में फेर में फंस गयी पंचायतों में आठ हजार भर्ती। दरभंगा, तिरहुत और मुंगेर प्रमंडलों ने रोस्टर नहीं भेजे। प्रभात खबर ने लिखा है– खेलो इंडिया के लिए सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग बनाने वाली बौआ देवी सम्मानित। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– संजीव मुखिया का दावा– कई अफसरों के बच्चों को मेडिकल में एडमिशन दिलाया। राष्ट्रीय सहारा की बड़ी खबर है– एनसीईआरटी की नई किताबों से मुगल सल्तनत हटा, महाकुम्भ जुड़ा। आज अखबार ने मौसम की खबर को तरजीह देते हुये लिखा है–ठंडी हवाओं के साथ हुई बारिश से सुहाना हुआ मौसम। अगले दो दिनों तक बारिश और आंधी–तूफान की सम्भावना।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आंधी और बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग का आज पटना, गया, समस्तीपुर, कैमूर और बांका समेत पच्चीस जिलों में ओलावृष्टि और वज्रपात को लेकर रेड अलर्ट।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में पद्‌म पुरस्कार प्रदान करेंगी। आचार्य किशोर कुणाल और शारदा सिन्हा समेत बिहार की सात हस्तियां भी होंगी सम्मानित।

03. भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए दी गई समय सीमा उनतीस अप्रैल तक बढ़ाई गयी।

04. और, मुख्यमंत्री सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को तैराकी के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।